## खास-खबरें

### वाहन दुर्घटनाएं हो रही हैं, मवेशियों को बचाने में ,जख्मी हो रहे हैं चालक

**गंजबासौदा।** विगत दो-तीन हफ्ते से यह खबरें आ रही है कि सड़कों पर झुंड के झुंड मवेशी विचरण करते रहते हैं जिससे दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं खास तौर पर मवेशियों की वजह से इन दुर्घटनाओं में इजाफा हो रहा हैं 13 और 14 तारीख की दरमियानी रात में बेतवा नदी ब्रिज पर एक दो पहिया वाहन एवं फोर व्हील गाड़ी का आमना-सामना गाय को बचाने में हो गया इसी तरह 14 तारीख को जय स्तंभ चौक पर कोई 5ः00 बजे के लगभग। चार पहिया वाहन चालक और मोटरसाइकिल की हुई दुर्घटना के बाद वहीं सड़क पर बैठी गाय पर गाड़ी चढ़ गई आशय यह है कि दिनभर मवेशियों की हुड़दंग होती रहती है और टकराते रहते हैं।

### रेल मजदूर संघ संकल्प यात्रा आज से

**जबलपुर।** रेल युवा कर्मचारियों के लिए अभिषाप बन चुकी एनपीएस के मामले में वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ ने युद्ध स्तर पर लडाई लड़ने का फैसला लिया है । संयुक्त महामत्री व संघ प्रवक्ता सतीष कुमार ने बताया कि विगत 11 जुलाई को कोटा में संघ की सीईसी की बैठक में अध्यक्ष सी.एम. उपाध्याय व महामंत्री अषोक शर्मा की अगुवाई में 5 संकल्प पारित हुए । संकल्प पत्र में एनपीएस रद्ध करने तक चैन नही , एलडीसीई ओपन टू ऑल, सभी नई भर्तीया केवल ट्रेकमेंटेनर्स में , हार्डषिप अलाउंस सभी केटेगरिज को, आठवे वेतन आयोग का गठन को लेकर संघ 16 जुलाई को दोपहर 15 बजे, पमरे महाप्रबंधक कार्यालय से संकल्प यात्रा प्रारंभ करेगे । संकल्प यात्रा के दौरान उक्त 5 संकल्प पत्र पर रेल कर्मचारियों से हस्ताक्षर अभियान चलाकर हस्ताक्षर करवाकर खुला पत्र रेल मंत्री को सौपेगे ।

### आदर्श ग्रामो में सभी विभागो की शत-प्रतिशत उपलब्धियां हों-कलेक्टर

**विदिशा ( निप्र )।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में चयनित पांच आदर्श ग्रामो में किए जाने वाले कार्यो की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा है कि पीएम जनमन योजना के अंतर्गत जिले के पांच विकासखण्डो के एक-एक ग्राम आदर्श ग्राम के रूप में चिह्नांकित किए गए है। इन ग्रामो में रहने वाले नागरिकों को शासन की सभी योजनाओं का विभागवार हितलाभ प्रदान कराया जाना है। वहीं ग्राम विकास के लिए आवश्यक अद्योसंरचनाओं के कार्यो को भी निर्माण विभागो द्वारा कराया जाना है।

### कलेक्टर ने लंबित आवेदनों की समीक्षा सहित अनेक विभिन्न समीक्षाएं भी की



**विदिशा ( निप्र )।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने विभिन्न विभागो में लंबित आवेदनों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में दर्ज आवेदनों के निराकरण पर विभागो के अधिकारी विशेष ध्यान दें। सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई सहित अन्य प्लेटफार्मो से प्राप्त होने वाले आवेदनों के निराकरण व लंबित आवेदनों के जवाब दाखिल करना सुनिश्चित करें। इसके लिए सभी जिलाधिकारियों को पृथक-पृथक लॉगिग, आईडी व पासवर्ड प्रदाय किया गया है। कलेक्टर श्री वैद्य ने जिले में संचालित फेक्ट्रियों के निरीक्षण हेतु गठित दलो के सदस्यों द्वारा विभागवार अब तक क्या कार्यवाही की गई कि जानकारी प्राप्त करते हुए उन्होंने कहा कि नियमानुसार पात्रता नहीं पाए जाने वाले फेक्ट्री संचालको के लायसेंस निरस्त करने की कार्यवाही की जाए वहीं निर्धारित मानक मीटर के पैरामीटर अनुसार व्यवस्थाएं नहीं पाए जाने पर संबंधितों को विभागो के माध्यम से नोटिस देने की कार्यवाही क्रियान्वित की जाए। बैठक में बताया गया कि जिले में पेंशन के 20 प्रकरण लंबित है। कलेक्टर श्री वैद्य ने न्यायालय में विचाराधीन प्रकरणो की समीक्षा के दौरान विभागो के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि समय सीमा में जबाव दाखिल करना सुनिश्चित करें।

# जिले में बाढ़ आपदा की स्थिति निर्मित न हो



उज्जैन। कलेक्टर उज्जैन श्री नीरज कुमार सिंह ने निर्देश दिए है कि बाढ़ आपदा प्रबंधन से जुडे अधिकारी जिले में बाढ़ आपदा की स्थिति निर्मित न हो यह सुनिश्चित करें, कंट्रोल रूम से शिप्रा नदी के प्रमुख पॉइंट्स पर जल स्तर की निगरानी की जाएं। उन्होंने गत दिवस शिप्रा नदी पर अचानक बड़े जल स्तर की पूर्व सूचना नहीं देने पर कंट्रोल रूम प्रभारी को नोटिस देने के निर्देश दिए। सोमवार को प्रशासनिक संकुल भवन में कलेक्टर श्री सिंह की अध्यक्षता में अंतर्विभागीय समन्वय की बैठक में आयोजित की गई।

कलेक्टर श्री सिंह ने अधिकारियों को हिदायत दी कि शिप्रा नदी पर जलस्तर का बेहतर प्रबंधन किया जाएं। अचानक जल स्तर बढ़ने जैसी स्थिति दोबारा निर्मित न हों। कंट्रोल रूम का बेहतर संचालन किया जाए। एक पेड़ मां के नाम अभियान की भी कलेक्टर श्री सिंह ने विभागवार समीक्षा की और पौधरोपण के निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पौधरोपण की फोटों वायुदूत अंकुर एप पर अनिवार्य रूप से अपलोड करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पौधरोपण के लिए चयनित 4672 स्थलों में 10-10 स्थल सभी जिला अधिकारियों को आवंटित किए जाएं, आवंटित स्थल पर पौधरोपण से लेकर उनकी देखरेदख की संपूर्ण जिम्मेदारी प्रभारी अधिकारियों की होगी।

कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि पौध-रोपण के लिए विभागों से संस्थाओं और वालंटियर्स की ब्लॉकवार बैठक आयोजित की जाए। ब्लॉकवार जाकर पौध रोपण की समीक्षा की जाएगी। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री मृणाल मीना, निगम आयुक्त श्री आशीष पाठक, अपर कलेक्टर श्री महेंद्र कवचे, एडीएम श्री अनुकूल जैन , सीईओ यूडीए श्री संदीप सोनी, कार्यकारी निदेशक एमपीआईडीसी श्री राजेश राठौर सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहें।

# कम बारिश, उमस और गर्मी कर रही बच्चों को बीमार

**उज्जैन।** कम बारिश, उमस व तेज गर्मी का सीधा असर बच्चों की सेहत पर पड़ रहा है। चरक अस्पताल के पीआईसीयू व आईसीयू कक्ष फुल हैं। बच्चों को उल्टी, दस्त, बुखार के साथ टायफायड व पीलिया की बीमारियां अधिक देखी जा रही हैं, यही स्थिति प्रायवेट नर्सिंग होम्स व अस्पतालों की भी है।

मातृ शिशु चरक अस्पताल में पीआईसीयू के कुल 15 बेड हैं जहां 1 माह से 14 वर्ष तक गंभीर बीमार बच्चों को भर्ती कर उपचार दिया जाता है। इसके अलावा सामान्य बीमारियों से पीड़ित बच्चों के लिये जनरल वार्ड है जिनमें कुल 85 बेड हैं। जन्म लेने के 30 दिन तक के बच्चों को वार्मल आईसीयू में एडमिड किया जाता है। वार्मल आईसीयू 4 सेक्टर में डिवाइड है। पीआईसीयू इंचार्ज डॉ. यूपीएस मालवीय ने बताया कि फिलहाल पीआईसीयू के सभी बेड फुल हैं। बच्चों में टायफायड के साथ ही उल्टी, दस्त, बुखार की अधिक शिकायतें सामने आ रही हैं। सामान्य बुखार से पीड़ित बच्चों को जनरल वार्ड में भर्ती कर उपचार दिया जाता है। जनरल वार्ड में भी अभी 50 के करीब बच्चे भर्ती हैं। वहीं पीआईसीयू के सभी 15 बेड फुल हैं।

शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. मालवीय बताते हैं कि अभी गर्मी का सीजन खत्म नहीं हुआ है। वातावरण में उमस और अनियमित बारिश होने की वजह से बच्चे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। मौसम बदलाव के बीच अनेक लोगों ने खानपान में भी बदलाव कर दिया है।



## मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अन्तर्गत 7 विवाह और 5 निकाह हुए

**गंजबासौदा।** मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अन्तर्गत नवीन मंडी परिसर में एक मंडप के नीचे वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ 7 विवाह संपन्न कराए गए। पंडित ने मंत्र उच्चार के साथ बर बधू के फेरे भी करवाए। बहीं 5 मुस्लिम जोड़ों के निकाह हुए ।काजी ने निकाह संपन्न कराए?। जनपद सीईओ भगवान सिंह राजपूत ने बताया कि विवाह और निकाह योजना अन्तर्गत पूर्व से ही पंजीयन प्रक्रिया शुरू और तैयारियां की गई थी। शासन की योजना अंतर्गत सभी जोड़ों को नियमानुसार राशि भी प्रदान की गई ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष शशि यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू रघुवंशी ने आयोजन स्थल पर पहुंचकर बर बधू को आशीर्वाद प्रदान किया।

# मेडिकल चिकित्सा की हिन्दी में शिक्षा देने वाला मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य : राज्यमंत्री पटेल

विदिशा (निप्र)। चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने दीप प्रज्जवलित कर स्थानीय अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में राष्ट्रीय चिकित्सा संगठन और राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के तत्वावधान में मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों के डीनों, प्रोफेसरों व व्याख्याताओं की परस्पर भेंट कार्यक्रम का शुभारंभ किया। चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री श्री पटेल ने इस अवसर पर कहा कि मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है जहां देश की मातृभाषा हिन्दी में चिकित्सा शिक्षा दी जा रही है। चिकित्सा के क्षेत्र में नए उन्नयनों-नवाचारों से यह आयोजना जाना जाए ताकि चिकित्सा में और बेहतर सुविधाएं विद्यार्थियों और मरीजों को मिल सकें। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में अमरुद का पौध-रोपित किया। इस अवसर पर चिकित्सा शिक्षा के अतिरिक्त आयुक्त आईएएस डॉ.पंकज जैन समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के डीन मनीष निगम ने आयोजन के उद्देश्य को रेखांकित किया।



# रांझी तहसीली कार्यालय का जल्द होगा लोकार्पण एवं जनता के लिए होगा समर्पित



जबलपुर। केंट विधानसभा के विधायक श्री अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने रांझी स्थित निर्माणाधीन तहसीली कार्यालय का निरीक्षण किया और अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए कि यह बिल्डिंग शीघ्र ही बनकर तैयार हो ताकि इसका जल्द से जल्द लोकार्पण कर जनता की सुविधा हेतु समर्पित किया जा सकें। इसी दौरान श्री रोहाणी ने शासकीय चिकित्सालय रांझी अस्पताल का औचक निरीक्षण किया जहां तीन डॉक्टर अनुपस्थित पाये गए, सीएमएचओ संजय मिश्रा को तुरंत फोन लगाकर अनुपस्थित डॉक्टरों और अस्पताल में होने वाली परेशानी के संबंध में अवगत कराया एवं शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए एवं शासकीय अस्पताल परिसर में बन रही नयी बिल्डिंग का भी निरीक्षण किया।

इस अवसर पर रांझी के तहसीलदार राजीव मिश्रा, पीडब्लूडी के राम रघुवंशी, सचिन जैन सहारा, दामोदर सोनी, गुड्डा केवट, अनुराग दाहिया, निशांत झारिया, श्रीमती संतोषी ठाकुर, श्रीमती सावित्री शाह, , पुष्पराज सिंह, उदीप रील, आलोक मित्रा, डॉ कमल विश्वास दशरथ पटेल, हेमराज सराठे आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# उद्योगपतियों के विश्वास और भरोसे का प्रतीक है हजारों करोड़ के निवेश प्रस्ताव : सोलंकी

### भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता एवं सांसद ने पौने दो लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव आने पर मुख्यमंत्री आभार माना

शाजापुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं सांसद श्री महेन्द्र सिंह सोलंकी ने मध्यप्रदेश में करीब पौने दो लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव लाने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार जताते हुए कहा कि मध्यप्रदेश की भाजपा की मोहन सरकार मध्यप्रदेश को विकसित प्रदेश बनाने के लिए कृतसंकल्पित है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी 2047 में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। श्री सोलंकी ने कहा कि मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में मध्यप्रदेश की जनता ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रति विश्वास जताते हुए ऐतिहासिक विजय दिलाई है। जिस प्रकार से देश की जनता का भरोसा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और भाजपा सरकार पर है। उसी तरह से उद्योगपतियों का भरोसा भी भाजपा की डबल इंजन सरकार पर है।



*मध्यप्रदेश में निवेश की अपार संभावनाएं*

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व सांसद श्री महेन्द्र सिंह सोलंकी ने कहा कि मध्यप्रदेश में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की सरकार उद्योग स्थापित करने के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। 1 व 2 मार्च 2024 को उज्जैन में आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में करीब एक लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, वहीं 13 एवं 14 जुलाई को मुंबई में आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में करीब 75 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। उद्योग स्थापित करने के लिए मध्यप्रदेश सरकार के पास हजारों एकड़ का लैंड बैंक है। इन निवेश प्रस्तावों के धरातल पर उतरने से करीब दो लाख से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि 20 जुलाई को जबलपुर में होने वाली रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में एक हजार से अधिक उद्योगपति शामिल होंगे और हजारों करोड़ के निवेश आएंगे। श्री सोलंकी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मध्यप्रदेश को विकसित प्रदेश बनाने बना रहे हैं। इन निवेश प्रस्तावों से प्रदेश भर में निवेश होगा और समूचे मध्यप्रदेश में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। रोजगार के अवसर बढ़ने से प्रदेश तरक्की करेगा। और लोगों की जिंदगी में खुशहाली आएगी।

# कन्या पूजन के बाद भोजन करवाया, नवरात्रि की पूर्णाहुति की

**सीहोर।** हर साल की तरह इस साल भी शहर के विश्रामघाट के समीपस्थ प्रसिद्ध मरीह माता मंदिर में आषाढ़ गुप्त नवरात्र के अंतिम दिवस भड़ली नवमी पर यहां पर श्रद्धालुओं के द्वारा अनुष्ठान किया गया। इस दौरान कन्या पूजन करने के साथ ही खीर-पुडी आदि पकवानों का भोग लगाकर मातारानी की पूजा-अर्चना की गई। कन्या-पूजन कर उन्हें भोजन करवाकर उपहार भेंट कर अनुष्ठान किया। महाआरती में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और प्रसाद प्राप्त किया। इस मौके पर मंदिर के व्यवस्थापक गोविन्द मेवाड़ा, रोहित मेवाड़ा, पंडित उमेश दुबे, ज्योतिषाचार्य पंडित गणेश शर्मा, जिला संस्कार मंच की ओर से जितेन्द्र तिवारी, राहुल सिंह, मनोज दीक्षित मामा, सुनील चौकसे, सुभाष कुशवाहा, धर्मेन्द्र माहेश्वरी, आशीष माहेश्वरी, पप्पू सेन सहित अन्य ने यहां गुप्त नवरात्रि के नौवें दिन सोमवार को अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती ज्योति अग्रवाल सहित अन्य ने महा आरती की।

सोमवार को नवमी पर मां सिद्धी दात्री की पूजा अर्चना के लिए मंदिर परिसर में दिनभर माता के दर्शनों कर पूजा-अर्चना की गई। गुप्त नवरात्रि के अंतिम दिन सुबह सामूहिक रूप से पूर्णाहुति दी। इस मौके पर पंडित श्री शर्मा ने बताया कि भड़ली नवमी आषाढ़ माह की नवरात्रि का आखिरी दिन होता है। इस तिथि पर देवी दुर्गा के जगदंबा स्वरूप की पूजा करने का विधान है। इसके साथ ही देवी की पूजा दश महाविद्याओं के रूप में भी की जाती है, चूंकि यह नवरात्रि का आखिरी दिन है, इसलिए इस दिन कन्या भोजन का भी आयोजन किया जाता है।



भगवान शिव ने मां सिद्धिदात्री की कठोर तपस्या कर आठों सिद्धियों को प्राप्त किया था पंडित श्री शर्मा ने कहा कि पौराणिक कथा के अनुसार, भगवान शिव ने मां सिद्धिदात्री की कठोर तपस्या कर आठों सिद्धियों को प्राप्त किया था। मां सिद्धिदात्री की अनुकंपा से ही भगवान शिव का आधा शरीर देवी हो गया था और वह अर्धनारीश्वर कहलाएं, मां दुर्गा के नौ रूपों में यह रूप अत्यंत ही शक्तिशाली रूप है। कहा जाता है कि, मां दुर्गा का यह रूप सभी देवी-देवताओं के तेज से प्रकट हुआ है। कथा में वर्णन है कि जब दैत्य महिषासुर के अत्याचारों से परेशान होकर सभी देवतागण भगवान शिव और भगवान विष्णु के पास पहुंचे। तब वहां मौजूद सभी देवतागण से एक तेज उत्पन्न हुआ और उसी तेज से एक दिव्य शक्ति का निर्माण हुआ, जिसे मां सिद्धिदात्री कहा जाता है।